# शिविर में श्रमिकों को दी जानकारी

- ईएसआइसी का स्थापना दिवस पर विशेष पखवाड़ा का आयोजन
- दुर्गापुर के जय बालाजी कारखाने में लगाया गया शिविर

जागरण संवाददाता, दुर्गापुर : भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) के 68 वर्ष होने पर एसिक दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 24 फरवरी से एसिक विशेष सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्तियों से संबंधित सभी लंबित मामलों के निष्पादन के साथ-साथ टाई-अप अस्पतालों के बिल का निपटारा किया जा रहा है। वहीं विभिन्न कारखानों में जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को दुर्गापुर के जय बालाजी कारखाने में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी श्रमिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई एवं उन्हें योजना के बारे में जानकारी दी गई। ईएसआइसी दुर्गापुर के उप निदेशक रूद्रदीप दत्ता ने कहा कि दुर्गापुर, आसनसोल एवं बांकुड़ा में इस प्रकार के 22 शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जिसमें श्रमिकों को ईएसआइसी से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। मौके पर दुर्गापुर की उप श्रमायुक्त अरूनिमा साहा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।




ईएसआइसी की ओर से आयोजित शिविर को संबोधित करती अरूनिमा साहा • जागरण